प्रेस विज्ञप्ति

ESIC के 75वें स्थापना पखवाड़ा के उपलक्ष्य में नियोक्ता हेतु 'सुविधा समागम' का आयोजन

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे विशेष पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 05.03.2026 को क्षेत्रीय निदेशक कक्ष में नियोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने तथा बीमित व्यक्तियों एवं नियोक्ताओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के उद्देश्य से "सुविधा समागम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक श्री निरंजन कुमार द्वारा की गई।

कार्यक्रम में श्री मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक, श्री राकेश रंजन तिवारी, उप निदेशक तथा श्री सत्यजीत कुमार, सहायक निदेशक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों के नियोक्ताओं/प्रतिनिधियों ने भाग लिया और बीमित व्यक्तियों से संबंधित लाभों, सेवाओं तथा नियोक्ताओं के समक्ष आने वाली प्रक्रियात्मक एवं अनुपालन संबंधी समस्याओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न नियोक्ताओं के प्रतिनिधियों द्वारा नियोक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं, बीमित व्यक्तियों से जुड़े मुद्दों में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया, जिन पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई एवं समुचित समाधान उपलब्ध कराया गया।

अपने संबोधन में क्षेत्रीय निदेशक श्री निरंजन कुमार ने नियोक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उन्हें नए श्रम संहिताओं (New Labour Codes) के प्रमुख प्रावधानों से भी अवगत कराया। उन्होंने नियोक्ताओं से श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन तथा बीमित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियोक्ताओं के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा यह आश्वासन दिया गया कि प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं पर आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उक्त सुविधा समागम के माध्यम से ESIC की योजनाओं एवं सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अपने अपने सुझाव दिए।

(निरंजन कुमार)
क्षेत्रीय निदेशक